सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/3/2020- राभा

दिनांक 01.04.2026

परिपत्र

विषय : राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2026) के आँकड़े मँगवाना ।

संस्थान की राजभाषा प्रगति संबंधी रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही अवधि की समाप्ति के उपरांत परिषद मुख्यालय को नियमित रूप से भेजी जाती है जिसके लिए प्रत्येक अनुभाग से हर तिमाही अवधि के लिए कुछ बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की जाती है। संस्थान के सभी प्रशासनिक अनुभागों के प्रभारियों तथा क्षेत्र समन्वयकों/वैज्ञानिक समूह प्रमुखों/विभागाध्यक्षों द्वारा यह प्रपत्र भरा जाना है।

कृपया अपने अनुभाग/समूह/प्रभाग से संबंधित जानकारी संलग्न संशोधित प्रपत्र में भर कर अनिवार्यत: बुधवार 08 अप्रैल, 2026 तक राजभाषा प्रकोष्ठ में भिजवाने की व्यवस्था करें ताकि अन्य सभी अनुभागों/विभागों से प्राप्त आँकड़े समेकित (consolidate) कर समय पर यह रिपोर्ट परिषद मुख्यालय भिजवाई जा सके। किसी मद में कोई सूचना न होने पर कृपया शून्य लिखें।

सभी क्षेत्र समन्वयक /विभागाध्यक्ष/ समूह प्रमुख/ अनुभागाध्यक्ष कृपया ध्यान दें –

1. रिपोर्ट में दिए जाने वाले आँकड़ों की तथ्यात्मकता (factuality) के संबंध में दायित्व हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी का है।
2. अपने अनुभाग/विभाग/समूह में राजभाषा अधिनियमों/नियमों का पालन करवाना सुनिश्चित करें।
3. यह संशोधित प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट पर pdf प्रारूप में उपलब्ध हैं, कृपया इसी प्रपत्र का उपयोग करें।

<u>संस्थान में संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।</u>

1/4/2026

(रमेश बौरा)
वरि. हिन्दी अधिकारी एवं
सदस्य-सचिव, रा.का.स.

नोट – प्रपत्र देखने/प्राप्त करने के लिए कृपया संस्थान की वेब साइट पर 'फार्म/Forms ' में 'राजभाषा संबंधी प्रपत्र ' सेक्शन में 'तिमाही रिपोर्ट प्रपत्र' पर क्लिक करें।

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय
2. सभी अनुभाग/प्रभागाध्यक्ष
3. प्रभारी, ए.आई.टी.जी. - इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।
4. सूचना पट्ट
5. संबंधित फाइल